रिसर्च में हुआ खुलासा, चाय दे रही कैंसर को न्यौता, ये कप बन रहा मुख्य वजह

नीमच। शहर में चाय के शौकीनों की संख्या लाखों में है। यहां हर गली, मोहल्ले से लेकर मुख्य बाजारों तक और शॉपिंग मॉल्स में चाय की दुकानें मिल जाएंगी। जहां हजारों कप चाय रोजाना चाय पी जाती है। ये चाय अब स्टील, चीनी मिट्टी के कप और कांच के गिलास की अपेक्षा कागज के कप में ज्यादा दी जाती है।

यह चलन कोरोना काल से शुरू हुआ है जो अब आदत में शामिल हो गया है। दुकानदार भी धोने मांजने से बचने के लिए सिंगल यूज कागज के कप का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन एक रिसर्च के अनुसार कागज के कप में चाय पीना कैंसर जैसी बीमारी को न्यौता देने के बराबर है। इसी आधार पर हेल्पिंग हैंड्स सामाजिक संस्था ने जनता से अपील करते हुए कागज के बजाए स्टील, चीनी मिट्टी के कप, कुल्हड़ और कांच के गिलासों में चाय पीने की अपील की है।

खतरनाक हो गया कागज का कप- कागज के कप का इस्तेमाल बढऩे के साथ ही इसके खतरे भी सामने आने लगे हैं। आईआईटी खडग़पुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और उनकी टीम ने शोध में पाया कि पेपर कप में तरल पदार्थ को लीक होने से बचाने के लिए पतली हाइड्रोफोबिक फिल्म का उपयोग किया जा रहा है। यह गर्म चाय के संपर्क में आने पर टूटने लगती है। चूंकि ये फिल्म पॉलीइथिलीन या अन्य को-पॉलिमर से बनी होती है और जब इसमें गर्म पानी या चाय डाली जाती है तो ये सूक्ष्म कणों में बदलकर उसमें घुल जाती है।

कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का बन रहा कारण- आईआईटी खडग़पुर के शोधकर्ताओं के अनुसार डिस्पोजेबल पेपर कप में डाली गई गर्म चाय या कॉफी में लगभग 25 हजार माइक्रो प्लास्टिक कण मिल जाते हैं। यदि दिन में तीन कप चाय पी गई तो लोग जाने अनजाने में 75 हजार

माइक्रो प्लास्टिक के कण पी जाता है। जो आंखों से दिखाई नहीं देते, लेकिन शरीर में प्रवेश कर कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये न केवल शरीर के लिए हानिकारक हैं, बल्कि कैंसर, हार्मोनल और नर्वस सिस्टम से जुड़ी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

10 प्रतिशत बचे कांच के गिलास और चीनी मिट्टी के कप- कोरोना काल से पहले होटल और रेस्टोरेंट में स्टील के कप, कांच के गिलास इस्तेमाल किए जाते थे, लेकिन अब कांच के गिलास गायब हो गए हैं। सिरेमिक (चीनी मिट्टी) कप भी बहुत कम देखने को मिल रहे हैं। इनके स्थान पर डिस्पोजेबल कागज के कप का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। सड़क किनारे चाय की दुकानों पर भी कागज के कप इस्तेमाल किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिले में सिंगल यूज कागज के कप की इतनी डिमांड हो गई है कि अब बमुश्किल दस प्रतिशत दुकानों पर ही कांच के गिलास, चीनी मिट्टी कप और कुल्हड़ में चाय मिल रही है, बाकी 90 प्रतिशत दुकानों में सिंगल यूज कागज के कप उपयोग किए जा रहे हैं।

8 से 9 लाख कप की खपत-थोक सिंगल यूज कागज कप व्यापारियों के अनुसार जिले में हर दिन करीब 8 से 9 लाख कागज के कप की खपत होती है। एक छोटे से छोटा दुकानदार भी 500 कप दिन भर में खपत कर देता है। इसकी मुख्य वजह ये सस्ते होने के साथ उपयोगी भी हैं।

ये अपील जनहित और पर्यावरण के हित में सही

नीमच जिले सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने बताया बहुत से कागज के कपों में प्लास्टिक, केमिकल कोटिंग होती है। जो एक तरह से अदृश्य होती है। हालांकि कुछ इनके बिना भी आते हैं। लेकिन दोनों को पहचानना मुश्किल होता है। इसलिए हमने यह अपील की है। चाय के लिए सबसे सेफ कुल्हड़, चीनी मिट्टी या स्टील के कप सहित कांच के गिलास हैं। इनके अलावा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से कागज के कप का ज्यादा उपयोग हानिकारक है। ऐसे में यहां भी लोगों को समझना चाहिए कि कागज के कप की अपेक्षा वे पारंपरिक कप का उपयोग करें।

बदहाली की मार झेल रही पुरानी कचहरी, चोरी हुई ऐतिहासिक तोप का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

नीमच। नीमच सिटी की पुरानी कचहरी बदहाली की मार झेल रही है। पुरातत्व महत्व के कई भवन खंडहर में तब्दील होते जा रहे है। साल 2024 में कचहरी के मुख्य द्वार पर लगी प्राचीन दो तोपों में से एक तोप चोरी हो गई थी महीनों गुजर गए लेकिन तोप का कोई अता-पता नहीं चल पाया है। उस समय चोरी की घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे और जांच की थी, लेकिन सफलता नहीं मिली।यह चोरी पुरानी कचहरी परिसर की बदहाली और सुरक्षा व्यवस्था की कमी को उजागर करती है, जहाँ से चोर आसानी से एक बड़ी और भारी वस्तु चुरा ले गए...! हालांकि पुलिस प्रशासन ने तोप की तलाश के लिए टीमें गठित की गई थीं।फिलहाल, इस मामले में कोई नई जानकारी या गिरफ्तारी की खबर सामने नहीं आई है, जिससे पता चलता है कि तोप अब भी लापता है...! प्रशासन भी कचहरी के प्राचीन भवनों की मरम्मत के लिए प्रशासन रुचि नहीं दिखा रहा है। ग्वालियर स्टेट के जमाने की कचहरी को शासन द्वारा पुरात्व महत्व की संपदा घोषित किया गया है लेकिन कचहरी के कई भवन जर्जर और खंडहर हो चूके है। कचहरी परिसर में जिला होम गार्ड कार्यालय वर्षो से संचालित हो रहा है लेकिन कचहरी की सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी काफी समय से बंद है। कचहरी परिसर में लगाए गए हाईमास्क भी काफी समय से बंद है।

नीमच की पुरानी कचहरी का इतिहास जीवाजी राव सिंधिया के शासनकाल से जुड़ा है। इसका निर्माण 14वीं शताब्दी में हुआ था और ग्वालियर रियासत के दौरान इसका जीर्णोद्धार जीवाजी राव सिंधिया ने कराया था। यह रियासत की एक महत्वपूर्ण संपत्ति थी, जहाँ सिंधिया राजघराने के सदस्य दशहरा उत्सव के लिए आने पर रुकते थे और यह जागीरदारों का निवास स्थान भी था।इसका निर्माण 14वीं शताब्दी में हुआ था और बाद में, ग्वालियर रियासत के दौरान जीवाजी राव सिंधिया ने इसका जीर्णोद्धार कराया।यह ग्वालियर रियासत की एक महत्वपूर्ण संपत्ति थी और राजसी वैभव का केंद्र थी।

पुरानी कचहरी को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित पुराना वैभव में इसको लाया था। लेकिन वर्तमान समय में कचहरी भवन व परिसर में कई हिस्से खस्ताहाल हैं। वर्तमान कचहरी भवन में डिस्ट्रिक्ट कमाडेंट होमगार्ड सहित 2 स्कूल और 1 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं।

इनका कहना

कचहरी पर लगी पुरानी तोप चोरी की एफआईआर दर्ज करवाई थी। अब तक चोरी की वारदात का कुछ पता चल नहीं सका है। वर्तमान समय में कचहरी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद है। हाईमास्क भी बंद है।
-युवराज चौहान, डिस्ट्रिक्ट कमाडेंट होमगार्ड नीमच

एक नजर में

आज यहां रहेगा विद्युत प्रदाय बाधित

नीमच। विद्युत विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार दिनांक 06 नवंबर 2025 (गुरुवार) को पोल इरक्शन कार्य किए जाने के कारण 11 केवी मेसी शोरूम फीडर का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। सहायक यंत्री (शहर) ने बताया कि इस कार्य के चलते प्रात: 9 .00 बजे से शाम 5 .00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। फीडर बंद रहने से जिन क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा, उनमें सरदार मोहल्ला, शांति नगर, फव्वारा चौक, सिविल हॉस्पिटल कॉलोनी, एसपी कार्यालय, शास्त्री नगर, राजीव नगर, बगीचा नंबर 04, 05, 10, 13, मेहनोत नगर, सुंदरम टॉकिज, माधवगंज मोहल्ला, कोर्ट मोहल्ला, नया बाजार, विनोबागंज, पटेल चाल, महाराणा बंगला, जवाहर नगर, गांधी नगर, बौधरी हॉस्पिटल, गुप्ता हॉस्पिटल, डॉ. देवधर और डाक बंगला क्षेत्र शामिल हैं। विभाग ने बताया कि आवश्यकतानुसार बिजली बंद रहने का समय घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अवधि में आवश्यक विद्युत कार्यों की अग्रिम तैयारी कर लें।

कलेक्टर द्वारा दो जरूरतमदों को रेडक्रास से 40 हजार रूपये की आर्थिक सहायता

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा दो जरूरतमदों को रेडक्रास नीमच से कुल 40 हजार रूपये की तत्कालीक आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। रेडक्रास नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर श्री चंद्रा द्वारा नीमच के श्री तेजप्रकाश धारवाल की बेटी कनकश्री धारवाल को 38 वे नेशनल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और आगामी एशियन चेम्पियन शिप 2025 व वर्ल्ड चेम्पियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक मदद एवं ग्वालटोली के कालुलाल ओंकार लाल को सड़क दुर्घना में अज्ञात वाहन से टक्कर में घायल हो जाने पर उपचार सहायता के लिए 15 हजार रूपये की तत्कालिक आर्थिक सहायता स्वीकृत कर प्रदान की गई है ।

खिलचीपुरा जैन तीर्थ पर हुआ पटवंदन एवं सिद्धाचल भावयात्रा का भव्य आयोजन

मंदसौर। परम पूज्य आचार्य देव श्री नवरत्नसागरसूरि एवं आचार्य श्री विश्वरत्नसागरसूरिजी मसा के आशीर्वाद से श्री केशरिया आदिनाथ जैन संघ रूप चाँद आराधना भवन, मन्दसौर के तत्वावधान में 5 नवम्बर 2025, बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल श्री विघ्नहरा पार्श्वनाथ मंदिर खिलचीपुरा पर श्री सिद्धाचल भावयात्रा एवं पट वंदन का आयोजन प.पू. गुरुदेव आचार्य श्री निपुणरत्न सूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा एवं प.पु. चंपाकली गच्छगणीनी श्री सुर्यप्रभा श्रीजी की आज्ञानुवर्ती सुशीयाप. पु. अमीतगुणाश्रीजी म. सा. एवं प. पु. साध्वी श्रयनंदिता श्रीजी म. सा. के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। 05 नवम्बर 2025, बुधवार को प्रात: 7.30 बजे रूपचाँद आराधना भवन से सभी श्रावक श्राविकाएं साधु भगवंतों के पावन सानिध्य में चैत्य परिपाटी के रूप में निकले जो नयापुरा मंदिर होते हुए यात्री संघ खिलचीपुरा जैन तीर्थ पहुंचा। प्रात: 9.30 बजे श्री खिलचीपुरा तीर्थ (मंदिर) में प्रवेश हुआ जिसके उपरांत पैदल संघ का बहुमान एवं नवकारसी का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात सिद्धाचल पटवंदन एवं मसा के प्रवचन हुए। प्रवचनों के बाद मांगलिक हुई जिसके पश्चात् स्वामीवात्सल्य का आयोजन सेठ भेरुलालजी कस्तुरचंदजी चण्डावला (जैन भवन), खिलचीपुरा में किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम व साधर्मिक वात्सल्य के लाभार्थी रुपचन्दजी बदामबाई, स्व. श्री लक्ष्मीलालजी धींग, स्व. श्री कैलाशचन्द्र संघवी की स्मृति में (श्री जैन नमकीन परिवार) मन्दसौर रहें जिनका बहुमान श्री केशरिया आदिनाथ जैन संघ मन्दसौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में समाजजन एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

श्रद्धा और उल्लास से मनाया गुरु नानक देव जी का 556 वां प्रकाश पर्व

नीमच। सिखों के प्रथम गुरु और विश्व कल्याण के प्रतीक श्री गुरु नानक देव जी का 556 वां प्रकाश पर्व आज शहर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित गुरुद्वारा साहिब में दिनभर कीर्तन, आरती, अरदास और अटूट लंगर की गूंज बनी रही। सुबह 9 बजे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के बाद हजूरी रागी जत्था द्वारा मधुर शबद कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर सिख समाज के प्रतिभाशाली नन्हे बच्चों का सम्मान भी किया गया। तीन दिवसीय विशेष दीवान साहिब का संचालन भाई हरदयाल सिंह हजूरी रागी, दरबार साहिब अमृतसर के नेतृत्व में किया जा रहा है। शाम 7रू30 बजे से 11 बजे तक शबद कीर्तन और स्त्री सत्संग कीर्तन का आयोजन होगा। इसके उपरांत आरती, फूलों की वर्षा और रंगारंग आतिशबाजी से आकाश गुंजायमान होगा। गुरुद्वारा परिसर को विशेष विद्युत सज्जा से सजाया गया है। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और गुरु नानक देव जी के उपदेश 'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' को आचरण में उतारते हुए भक्ति, सेवा और एकता का संदेश दिया।

ओपन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नीमच के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

नीमच। एथिक्स स्पोर्टस एंड कराटे एकेडमी इंडिया द्वारा आयोजित 8 वाँ नेशनल ओपन इन्विटेशनल कराटे प्रतियोगिता 2025 का आयोजन फलना राजस्थान के एस पी यू कॉलेज में किया गया जिसमें गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उतरप्रदेश, पंजाब, उतराखण्ड केन्द्र शासित प्रदेश दमन-दीव एवं मध्यप्रदेश के खिलाडियो ने भाग लिया जिसमें नीमच के 17 खिलाडियो ने मध्य प्रदेश का नेतृत्व किया। नीमच जिला कराते संघ की सचिव मीरा थापा ने बताया कि टीम मे 4 साल से लेकर 19 साल क बच्चों ने भाग लिया इन उपलब्धियो ने न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन लिखा है बल्कि सभी बच्चो की कड़ी मेहनत, कराते के प्रति समर्पण और आत्मविशवास ने अपने कोच, प्रशिक्षको व जिले को गौरवांवित किया है, इन नन्हें सितारों ने साबित कर दिया कि लगन और कड़ी मेहनत से हर मंजिल पाई जा सकती है इन खिलाडियो की सफलता आज क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्तोत बन गई है। खिलाडियों का सम्मान समारोही सी आर पी

एफ स्थिति जिम्नेजियम परिसर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र सिंह नेगी डिप्टी कमाडेंट सीआरपीएफ, समाजसेवी मनोहर सिंह इंदा, श्रीमति अमिता गांधी ष्टश्वह्व पार्श्वनाथ विद्यालय वरकाना, विशेष अतिथि सरिता नेगी, श्रीमती सुनीता देवी मंचासीन थे जिनका स्वागत सचिव श्रीमती मीरा थापा थर्ड डेन ब्लेक बैल्ट ने किया।

प्रतियोगिता में कुल 33 पदक प्राप्त हुए जिसमें स्वर्ण पदक 16, रजत पदक 9 एवं कांस्य पदक 8 है एवं पदक प्राप्त करने वाले खिलाडी के नाम निम्नानुसार है, जस्नाया पुत्री गोविंद सिंह 2 रजत पदक, अनघा पुत्री डॉ. योगेन्द्र जी धाकड़ 2 स्वर्ण पदक, वर्तिस्तिका पुत्री रजनीश कुमार 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक, कौशिकी पुत्री नवीन अग्रवाल 2 स्वर्ण पदक, के.रागवी पुत्री के.कुमार 2 स्वर्ण पदक, क्रियांश पुत्र देवेन्द्र सिंह नेगी 2 रजत पदक, दिव्यांश सेहरा पुत्र विनोद कुमार मीना 2 स्वर्ण पदक, जक्ष पुत्र गोविंद सिंह 1 रजत और 1 स्वर्ण पदक, जयस पुत्र देवेन्द्र सिंह नेगी 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक, आदित्य पुत्र संतोष कुमार जी मौर्य 2 कांस्य पदक, हार्दिक पुत्र देवेन्द्र नरवर 2 स्वर्ण पदक, आरोहण पुत्र राजू नायर 1 कांस्य और 1 रजत पदक, समृताभ पुत्र डॉ. संजय कुमार भोंडेले 2 रजत पदक, लोंगजाम (टीटीएस) पुत्र लोंगजाम मंगलेम्बा सिंह 2 कांस्य पदक, दिव्यांश कुमार पुत्र रजनीश कुमार 1 कांस्य पदक, आतिफ पुत्र इमरान खान 1 रजत और 1 स्वर्ण पदक, आर्यन पुत्र आर.के.जोशी 2 स्वर्ण पदक।

लायंस क्लब का दीपावली मिलन समारोह उत्सव व आनंद के साथ मनाया गया

मन्दसौर। लायंस क्लब मंदसौर परिवार द्वारा दीपावली मिलन समारोह ''दिवाली रेड कार्पेट रायल' हर्ष विलास में मनाया गया। क्लब की थीम ''ए स्टेप टुवर्ड्स लाईट एंड सेलेब्रेशन' को सार्थक करते हुए कार्यक्रम ने सदस्यों और अतिथियों के बीच उत्सव, एकता और आनंद का शानदार माहौल बना।

क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि रेड कार्पेट वॉक के माध्यम से सदस्यों ने अपनी शानदार स्टाइल और ऊर्जा से माहौल को रोशन कर दिया। स्पॉटलाइट आवर में संगीत, गेम्स और मनोरंजन से सभी ने खूब आनंद लिया। स्वादिष्ट गौरमेट डिनर और आकर्षक प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन ने शाम को यादगार बनाया। पूरे आयोजन में लायंस परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीपावली की खुशियां एक साथ मनाईं।

इस दौरान लायंस क्लब की जनरल मीटिंग भी आयोजित की गई। जिसमें क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने पिछले 4 महीना की सेवा गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित सदस्यों ने क्लब की सेवा गतिविधियों की करतल ध्वनि के साथ सराहना की। क्लब अध्यक्ष लायन रत्नेश-मीनल कुदार, सचिव डॉ. विक्रांत-नैना भावसार, कोषाध्यक्ष लायन सुनील-दीप बाफना ने सभी सदस्य दम्पत्तियों का स्वागत किया।

मुमुक्षु कुणाल कमठोरा का वर्षीदान वरघोड़ा निकला, जगह-जगह हुआ स्वागत

भानपुरा। नगर के सेन समाज के 17 वर्षीय मुमुक्षु कुणाल कमठोरा, जो आगामी 16 नवम्बर को इंदौर में जैन दीक्षा ग्रहण करेंगे, का भव्य वर्षीदान वरघोड़ा मंगलवार को निकाला गया। परम पूज्य साध्वी सुयशा श्रीजी व साध्वी प्रेरणा श्रीजी की निश्रा में जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ के तत्वावधान में भलवाड़ा पार्श्वनाथ मंदिर से प्रारंभ हुए वरघोड़े में कुणाल अपनी माताजी व भाई के साथ आकर्षक बग्गी में सवार थे और मार्ग में सांसारिक वस्तुओं का दान करते चले।

नगर में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों, संस्थाओं एवं नागरिकों द्वारा कुणाल का स्वागत एवं बहुमान किया गया। सेन समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष भी वरघोड़े में

सम्मिलित हुए। समापन जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी पर हुआ, जहां पूजा-अर्चना, धर्मसभा व सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

धर्मसभा में साध्वी सुयशा श्रीजी ने कहा कि संयम का मार्ग ही मोक्ष का सच्चा मार्ग है। कार्यक्रम में जैन समाज अध्यक्ष अशोक गोखरू, अनिल नाहर, विजय भाटिया, संजय चौहान आदि ने संबोधित किया। कुणाल ने कहा कि आत्मा के कल्याण हेतु संयम जीवन अपनाना उनका संकल्प है।

इस अवसर पर चातुर्मास समापन एवं साध्वी श्रीजी की विदाई भी सम्पन्न हुई। अंत में श्रीसंघ अध्यक्ष अशोक गोखरू ने आभार व्यक्त किया।

एक नजर 4 नए क्लब सदस्यों को लायंस पिन लगाकर सम्मानित किया गया

लायंस क्लब नीमच का पारिवारिक दीवाली मिलन समारोह संपन्न

लॉयन राकेश नांगलिया एवं परिवार द्वारा ऑक्सीजन मशीन दान की गई

नीमच। पीड़ित मानवता की सेवा को समर्पित लॉयंस क्लब्स इंटरनेशनल की ईकाई लॉयंस क्लब नीमच द्वारा अपना पारिवारिक दिवाली मिलन समारोह दिनांक 04/11/2025, मंगलवार को रात्रि 8.30 क्लब के अपने सेवा भवन लॉयंस डेन पर क्षेत्र के यशस्वी विधायकजी श्री दिलीपसिंहजी परिवार के मुख्य में एवं क्लब अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा की अध्यक्षता में लायंस परिवारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

समारोह में क्लब परिवार में शामिल चार नए सदस्यों लायन राकेश नांगलिया, लायन पंकज सिंह राठौर, लायन सौरभ सिंह राठौर, लायन अमनदीप साहनी को मुख्य अतिथि विधायक जी श्री दिलीपसिंहजी परिहार द्वारा लायंस पिन लगाकर सम्मानित किया गया। श्री परिहार जी द्वारा लॉयंस क्लब नीमच द्वारा की जा रही सेवा गतिविधियों के लिए क्लब परिवार को बधाई दी एवं हर सम्भव सेवा का आश्वासन दिया।

क्लब अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में क्लब के सभी महिला पुरुष सदस्यों को सेवा गतिविधियों में तन मन धन से सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि क्लब परिवार में शामिल सेवाभावी नए सदस्य लायन राकेश नांगलियाजी द्वारा लॉयंस क्लब नीमच को एक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन दान की गई, जो जीरो से 10 लीटर प्रति मिनट कैपेसिटी का होकर हैदराबाद की सुप्रसिद्ध संस्थान फ्रैंकलिन टेंपलटन इंटरनेशनल सर्विस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आर्थिक सहयोग से हैदराबाद की ही समाजसेवी संस्था हैदराबाद टाइटन राउंड टेबल इंडिया चैप्टर 303 के सक्रिय सदस्य नेहा अभिनव अग्रवाल के सौजन्य से नीमच नगर को प्राप्त हुई हैं। नेहा अभिनव अग्रवाल लायन राकेशजी नांगलिया के पुत्री दामाद है, जिनके द्वारा उक्त 2 लाख रुपए कीमत की ऑक्सीजन कांस्टेटर मशीन दान की गई है। इस मशीन द्वारा किसी भी मरीज को आपातकालीन स्थिति में बिना ऑक्सीजन सिलेंडर के ऑक्सीजन दी जा सकती है, जो लायंस क्लब नीमच के माध्यम से आपातकानील स्थिति में नि:शुल्क दी जाएगी।

लॉयन राकेश जी नांगलिया एवं उनकी पुत्री दामाद द्वारा लायन्स क्लब नीमच को उक्त ऑक्सीजन कांस्टेटर मशीन प्रदान करने पर विधायक महोदय श्री दिलीपसिंहजी परिहार एवं क्लब अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा द्वारा धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

समारोह का सफल संचालन लायन बाबूलाल गौड़ द्वारा किया गया।